>

Title: Need to undertake safety measures inside the rail coaches to minimize deaths or injuries during train accidents.

श्री महेश जोशी (जयपुर): रेलवे सुरक्षा को लेकर हम सभी चिंतित है और चाहते हैं कि रेलों की दुर्घटनाओं को पूरी तरह से रोका जाए और इसके लिए जिन उपयोगी यंत्रों अथवा साधनों की आवश्यकता है उन्हें जल्द से जल्द लगाया जाए।

लेकिन यह दावा नहीं किया जा सकता कि कभी रेल दुर्घटना होगी ही नहीं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि रेल दुर्घटना रोकने के उपायों के साथ-साथ रेल यात्रियों के जान माल की सुरक्षा के लिए कुछ आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था के बारे में भी विचार करना बहुत आवश्यक हो गया है। रेल दुर्घटना के समय रेलों के अंदर जो जान माल का नुकसान होता है उसको रोकने के लिए ठीक उसी प्रकार इंतजाम किए जाने चाहिए जैसे कार एक्सीडेंट के समय कार में सवार यात्रियों की सुरक्षा के लिए किए जाते हैं, मसलन सीट बैल्ट।

मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि रेलों में अंदर ऐसे इंतजाम किए जाने चाहिएं कि किसी दुर्घटना के समय यात्री एक दूसरे से अथवा किसी अन्य चीज से टकराने की बजाय अपने ही स्थान पर स्थिर रह सकें एवं साथ ही सामानों को रखने का भी ऐसा इंतजाम हो जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की चोट नहीं पहुंचे। आशा है माननीय रेल मंत्री जी इस संबंध में विचार करेंगे।